## एक नजर में

### वाहन चालकों से 32400 रुपए वसूल किए

**खंडवा।** जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी,बिना हेलमेट,सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 80 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 32400/-रुपए वसूल किए गए है। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### इंदिरा नगर में महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**नीमच।** इंदिरा नगर प्रमुख मार्गो सेजैन समाज द्वारा आज महावीर जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी क्षेत्रीय पार्षद सुमित्रा मुकेश पोरवाल हरगोविंद दीवान पार्षद दुर्गा शंकर भील पार्षद द्वारा पुष्प वर्षा कर जुलूस का भव्य स्वागत किया गया जगह सामाजिक के संगठनों द्वारा जल समारोह का स्वागत किया अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने महावीर स्वामी के चल समारोह में पहुंचकर सभी जैन बांधों को बधाई शुभकामनाएं प्रेरितकी

### भजन संध्या आज, भंडारा कल

**नीमच।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षक कॉलोनी स्थित श्री कार्मेश्वर महादेव मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव आयोजित किया जा रहा है। 11 अप्रेल को रात 8 बजे विशाल भजन संध्या होगी। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। 12 अप्रेल हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह 6 बजे मंदिर परिसर से भव्य प्रभातफेरी निकाली जाएगी। आकर्षक रूप से सजाई गई बग्धी में भगवान बालाजी विराजमान रहेंगे। कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होकर प्रभातफेरी पुनः मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान बालाजी की महाआरती की जाएगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे मंदिर परिसर में राधा जानकी महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड किया जाएगा। शाम 5 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पंचग्रही योग में मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

**नीमच।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (12 अप्रैल) को भगवान शिव के 11वें अवतार, परम भक्त श्री हनुमान जी महराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जयंती पर पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। जो कि बहुत शुभ होने वाला है। हनुमान जयंती पर देशभर में जबरदस्त उत्साह रहता है। जगह-जगह पर भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन होता है। आचार्य राजीव शुक्ल के अनुसार इस वर्ष हनुमान जयंती विशेष रूप से शुभ मानी जा रही है। क्योंकि यह 12 अप्रैल 2025 को पंचग्रही योग में मनाई जाएगी। जो कि पूरे 57 वर्षों बाद का एक अद्भुत ज्योतिषीय संयोग है। इस दुर्लभ अवसर पर हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा, हनुमान वडवानल स्तोत्र और पंचमुखी हनुमान कवच का पाठ अवश्य करना

### आकृति मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रोता

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका आकृति मिश्रा ने अपने सुमधुर कंठ से एक से बड़कर एक भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर महापौर प्रहलाद पटेल सहित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना से हुई इसके बाद राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका आकृति मिश्रा ने थारी जय हो पवन कुमार वारी जाउं बालाजी, काली कमली वाला मेरा यार है, कजरारे तेरे मोटे मोटे नयन, सुन सेठ मंडफिया वारा काली गाड़ी लानी है जैसे कई भजनों की प्रस्तुति देकर महापौर प्रहलाद पटेल सहित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। ग्रुप के अन्य कलाकारों ने भी हनुमानजी, माताजी व शंकरजी के भजनों की प्रस्तुति दी। प्रांरभ में भजन गायिका आकृति मिश्रा व साथी कलाकारों का स्वागत महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, सुनील सारस्वत, सोनू यादव, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती अनिता कटारा, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती मनीषा चौहान, राजस्व समिति सदस्य श्रीमती अनिता वसावा, पार्षद श्रीमती आयुषी सांकला, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, संजय कसेरा, राजेन्द्र चौहान, जलज सांकला, विजयसिंह चौहान, संजय कसेरा, जयेश वसावा के अलावा विवेक शर्मा आदि ने किया।

### महापौर माधुरी पटेल ने शहर में बन रहे डामरीकरण रोड का किया निरीक्षण

**बुरहानपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष बुरहानपुर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल ,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने गुरुवार को सिलमपुरा वार्ड में बन रही सड़को का निरीक्षण किया बुरहानपुर शहरी क्षेत्रांतर्गत कायाकल्प 2.0 योजनांतर्गत 14 सड़कों का डामरीकरण का कार्य चल रहा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष बुरहानपुर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल द्वारा सिलमपुरा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योजना अंतर्गत सड़क का निर्माण किया जा रहा है है। महापौर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा लंबे समय से क्षेत्रीय लोग इस सड़क निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय समय पर सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण करते रहेंगे।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए कहीं भी कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। तीन चरणों में 15 करोड़ से होगा 38 सड़कों का पुनर्निर्माण 'कायाकल्प योजना अंतर्गत तीन चरणों में शहर की सड़को का पुनर्निर्माण किया जा रहा है जहां बरसात के दिनों में पानी का रुखता था वहा पर सीमेंट क्रांकिट का रोड बनाया जा रहा हैं। महापौर माधुरी पटेल ने जलप्रदाय योजना की नियमित समीक्षा की जा रही है। जिससे योजना के काम में गति आई है और शीघ्र ही काम पूरा हो जाएगा। कायाकल्प योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण का काम योजनाबद्ध तरीके से प्रारंभ कर दिया है। कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा जिससे नागरिकों को बाधारहित व सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। नगर निगम द्वारा निरंतर उनके द्वारा निर्माण कार्य करवाएं जा रहे हैं निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि हमारे जनता के लिए हम तत्पर हैं जनता की सेवा के लिए ही हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष बुरहानपुर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल जीए पूर्व महापौर श्री अतुल पटेलएआयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव सहायक यंत्री अशोक पाटिल गोपाल महाजन इंजिनियर शैलेश वर्माए विक्रम भरकुंवर कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन पर बने आवास तोड़ने के निर्देश

**नेपानगर।** एसडीएम ने सरकारी जमीन पर बने आवास तोड़ने के निर्देश दिए हैं। दरअसल मामला सरकारी जमीन पर बने आवासों का है। इसे लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई जिसके बाद नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला ने नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान को पत्र जारी कर कहा है कि सरकारी जमीन पर बने आवासों को तत्काल तोड़ा जाए। एसडीएम की ओर से सीएमओ को भेजे गए पत्र में कहा गया कि विजय नायके निवासी नेपानगर ने 7 जुलाई को जन सुनवाई में शिकायत की जिसमें कहा गया कि अंधारवाड़ी की गुड्डी साकले की माता सुभद्रा बाई पति कडू सहायिका के पद पर कार्यरत है। उन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर नगर पालिका में पूर्व में कार्यरत कर्मचारी संजीव शुक्ला, को सरकारी जमीन बेची है।

# पटवारी की संवेदनशील टिप्पणी पटेल समाज और खंडवा के दिल को छू गई !

नवभारत न्यूज

**खंडवा। कोंडावद गांव में आठ लोगों की कुएं में डूबने से मृत्यु के बाद राजनीतिक जमावड़ा भी हुआ। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी अनुभवी सोच लेकर पहुंचे। उन्होंने नेतागिरी करने वालों को साफ कहा कि यह वक्त मुश्किल दौर वाला है। इसमें मैं केवल संबल बंधाने आया हूं। समाज के लोगों ने जो राशि एकत्र की है, उसे और इजाफा मिले। इसके प्रयास हम सब मिलकर करें। सरकार जो दे रही है, उस पर टिप्पणी इस वक्त उचित नहीं है।**

उन्होंने किसी भी टिप्पणी से पल्ला झाड़ने हुए कहा, सरकार हमारे प्रदेश की और हमारी है। सब कुछ ठीक ही होगा। जीतू पटवारी के साथ पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव खंडवा और खरगोन के प्रति विशेष स्नेह भी रखते हैं। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि जिन परिवारों के चिराग उजड़ गए। सभी पटेल समाज के थे। जीतू पटवारी ने इसलिए भी धैर्य रखा, जो उचित भी माना जा रहा है।




इसका बड़ा असर भविष्य में देखने को मिलेगा। हो सकता है कि समाज के लोग और ज्यादा सहयोग करेंगे। हालांकि सरकार को इस मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए। जीतू पटवारी टाइप्ड राजनीति से बचते नजर आए।

### इस तरह बना मौत का कुँआ


बता दें कि, खंडवा जिले के छैगांव माखन तहसील के कोंडावद गांव में बीते गुरुवार एक कुएं की सफाई के दौरान 8 लोगों की जान चली गई थी। ये सभी करीब 150 साल पुराने कुएं में गणगौर उत्सव के चलते विसर्जन से पहले सफाई करने उतरे थे। इस दौरान कुंए में जहरीली गैसों का रिसाव होने के चलते एक-एक कर ये 5 लोग दलदल में डूब गए थे। जिसके बाद इन्हें बचाने उतरे 3 और लोग इसी तरह डूब गए। हालांकि सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। लेकिन रात करीब 8 बजे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कोई भी जीवित नही बचा।

कुंए से सभी आठ लोगों के शव बाहर निकाले गए। इस हादसे में कोंडावत गांव के कुनबी समाज के राकेश पटेल (21), वासुदेव पटेल (40), अर्जुन पटेल (35), गजानंद पटेल (35), मोहन पटेल (48), अजय पटेल (25), शरण पटेल 40 और अनिल पटेल (25 की मौत हुई थी। जिसके बाद फिलहाल इस मौत के कुंए को बंद कर दिया गया है। और हादसे के पीड़ितों के लिए सीएम ने चार लाख रु की घोषणा की थी।

#### समाज इसीलिए होता है !

जीतू पटवारी ने बताया कि, यह बहुत ही दुखद घटना है। समाज इसलिए ही होता है कि, हम लोग मिलकर एक दूसरे की मदद करें। जब ऐसा कोई दुख, पीड़ा या वेदना किसी परिवार के साथ आए, तो उसके साथ सब खड़े रहें। इस हादसे को लेकर वे खुद सीएम डॉ यादव से चर्चा करेंगे। इस हादसे में एक ऐसा परिवार जिसके पिता की छह छोटी-छोटी बेटियां और पत्नी बचे हैं, और वे पिता नहीं बचे। और एक दूसरा परिवार जिसमें केवल पत्नी और बुजर्ग माता-पिता हैं। उनके भी चार से पांच बच्चे हैं। एक और घर ऐसा है जिसमें पिता, भाई, बेटा, इस तरह से एक ही परिवार के चार सदस्य चले गए। मतलब यहां अद्भुत और अकल्पनीय वेदना है।

# 150 दिन तक सतत् विद्युत उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया



नवभारत न्यूज

**मून्दी।** श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की इकाई क्रमांक 03 ने सतत् विद्युत उत्पादन के 150 दिन पूरे किए। मध्यप्रदेश के खण्डवा जिला में दोंगालिया में स्थित मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की 660 मेगा वाट की इकाई क्रमांक 03 ने एक बार फिर से कीर्तिमान बनाया है। इस यूनिट ने दिनांक 10.11.2024 से दिनांक 09.04.2025 तक 150 दिन तक सतत् विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया है।

इस दौरान इकाई द्वारा कुल 2137.51 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन हुआ एवं इस इकाई का प्लांट उपलब्धता फैक्टर (पीएएफ) 94.58%,प्लांट लोड फैक्टर (पीएलफ) 89.96 %, आक्सिलरी पावर खपत (एपीसी) 5.61% तथा विशिष्ट तेल खपत 0.132 मि.ली. प्रति यूनिट रहा।

यहा उल्लेखनीय है कि इकाई क्रमांक 03 ने कमीशनिंग से आज तक कुल 4 बार 100 दिनों एवं दो बार 150 दिनों तक सतत् विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के दक्ष एवं कुशल मुख्य अभियंता एसके. मालवीय ने इस अवसर पर सिंगाजी महाराज एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की एवं मिठाई वितरित की गई।

#### कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करने का परिणाम

मुख्य अभियंता द्वारा बताया है कि ये उपलब्धि प्रबंध संचालक मनजीत सिंह की कुशल नीतियों एवं श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करने का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होने अपने सहयोगी अतिरिक्त मुख्य अभियंता जे.सी. जुनवाल, एस.के. लिल्होरे ,डी.महाजन एवं ए.के महाजन, पी के पांडेय, यू एस वर्मा ,ओ पी अहिरवार एवं समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं भविष्य में नीत नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# मां नर्मदा के किनारे भगवान महावीर की जयंती पर लोगों में दिखा विशेष प्रेम





नवभारत न्यूज

**मूंदी,बीड़। मां नर्मदा के किनारे और निर्गुणी संत सिंगाजी की तपोभूमि में भगवान महावीर के प्रति आस्था ने तिहरा रंग जमा दिया। गुरुवार को इस क्षेत्र की गलियों में प्रभात फेरियां, जैन मंदिर में परंपरागत पूजा और भक्ति का समागम रहा।**

आस्था इस कदर हावी थी कि शांति धारा के लिए भगवान महावीर के मंदिर में 11 हजार रुपए की बोली लग गई। अभिषेक और अन्य कार्य के लिए भी इसी तरह की आस्था देखने को मिली। प्रभात फेरी में शीतल जल और लड्डू वितरित हुए। समरसता भोज भी दोपहर को चला। आसपास के लोग भी पहुंचे। खासियत यह थी कि अन्य वर्गों के लोग भी इस आयोजन में शामिल हुए।

#### दिनभर ऐसे चले आयोजन

सबसे पहले जैन समाज के मंदिर में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने प्रभात फेरी निकाली। सुबह से भगवान के दर्शन किए। पूजनपाठ का दौर चालू हो गया। सकल जैन समाज के द्वाराशोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे भी शामिल हुए।

यात्रा में शामिल जैन समाज द्वारा लोगों को पानी और लड्डुओं का वितरण हुआ।

#### शाम को रंगारंग कार्यक्रम

समाज के संरक्षक प्रकाश चंद जैन, शैलेंद्र जैन के मुताबिक, भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर्व में सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को आरती एवं संस्कृति कार्यक्रम किए गए।

#### शांति धारा और अभिषेक के लिए 11- 11 हजार की बोलियां लगाईं, प्रभात फेरी में बंटे लड्डू, सहभोज भी हुआ

#### शांति धारा के लिए महंगी बोली

विशेष दिन के लिए शांति धारा की बोलीभी लगाई गई। जिसकी प्रथम बोली 11000 हजार निलेश जैन जितेंद्र कुमार जैन के द्वारा, वही दूसरे नंबर की 11000 महावीर भगवान के अभिषेक की बोली 11000 रूपये मुकेश जैन द्वारा लगाई गई। 100001,सकल जैन समाज महिला मंडल द्वारा शोभा यात्रा में गरबे किए गए। बीड़ सकल समाज द्वारा वात्सल्य भोज स्थानक में रखा गया। अध्यक्ष धर्मचंद जैन ने बताया कि बांगरदा कालोनी पुनासा सहित आसपास से समाज के लोग भी आए।

#### यह थी आस्थावानों की टीम

इस दौरान मनोज जैन, अनिल जैन, बबलू जैन, निलेश जैन, मुकेश जैन, अतुल जैन, आशु जैन, चंदन जैन, आकाश जैन, हर्षित जैन, मंटू जैन, नरेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, अभिनव जैन, धर्मो जैन, हार्दिक जैन, गोपी जैन, लैविश जैन सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# कान्वेंट स्कूल ने बिना अनुमति काटे हरे पेड़....एबीवीपी का चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** संेट जोसेफ कान्वेंट प्रबंधन ने स्कूल परिसर से सटे हरे-भरे वृक्षों को बिना अनुमति कटवा डाला। मामले की जानकारी पर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग कर चक्काजाम कर दिया। मौके पर महापौर प्रहलाद पटेल भी पहुंचे और मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने की बात कही।

#### महापौर ने एक लाख रूपए जुर्माना और प्रकरण दर्ज करने को कहा

कान्वेंट प्रबंधन द्वारा गुरुवार को स्कूल परिसर के भीतर लगे हरे-भरे पेड़ों को सुबह से कटवाना शुरू किया था। स्कूल प्रशासन द्वारा मनमानी कर पेड़ों को कटाने की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। परिषद कार्यकताओं ने कान्वेंट स्कूल के सामने खड़े होकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया। परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्रों द्वारा चक्काजाम की सूचना पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। मामले की जानकारी जब महापौर प्रहलाद पटेल को मिली तो वे भी मौके पर पहुंच गए। स्कूल परिसर के पास बरगद के हरे-भरे पेड़ों को कटा हुआ देखकर महापौर पटेल भड़क गए और उन्होंने स्कूल प्राचार्य को जमकर फटकारा। महापौर ने कहा कि गर्मी के मामले में रतलाम पूरे देश में दसवे नंबर पर है और यहां जानलेवा गर्मी पड़ रही है,ऐसे में स्कूल वाले बरगद का हरा भरा पेड़ काट रहे है। ये तो बहुत बड़ा पाप है। पटेल ने स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रूपए जुर्माना लगाने और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। महापौर ने पेड़ काटने के मामले में पंचनामा भी तैयार करने को कहा।








#### बिना अनुमति दो प्राचीन बरगद के वृक्षों को काटा, निगम ने एफआईआर के लिए पत्र लिखा

सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल संचालक द्वारा बरगद के दो वृक्ष बिना अनुमति के काटे। महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार प्राचार्य, सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल रतलाम के विरुद्ध प्राचीन बरगद के वृक्ष बिना अनुमति के काटे जाने पर एफआईआर दर्ज किए जाने हेतु थाना प्रभारी स्टेशन रोड़ को पत्र लिखा गया। साथ ही इस जानकारी से वन विभाग को भी अवगत कराया गया।

# सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना का किया औचक निरीक्षण

**रतलाम/सैलाना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना पहुंची। यहां पहुंच कर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूताओं को स्तनपान के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया।

#### प्रसव कक्ष निरीक्षण में उपकरणों के क्रियाशील की जांच के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में डॉ. जीतेंद्र रायकवार एवं स्टाफ ड्यूटी करते हुए पाए गए। उनके द्वारा अस्पताल में इमरजेंसी में लाए गए मरीज का उपचार किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान आशीष चौरसिया, डॉ. शैलेष डागे, नर्सिंग ऑफिसर एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



उन्होंने सीबीएमओ डॉ. पीसी कोली को तत्काल जिला मुख्यालय में ज्वाइन करने तथा डॉक्टर जितेंद्र जायसवाल को सैलाना बीएमओ का तत्काल प्रभार ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया। केंद्र पर पहुंचकर उन्होंने प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध उपकरणों के क्रियाशील होने का परीक्षण किया। नर्सिंग स्टाफ रूम में ड्यूटी रोस्टर का निरीक्षण कर लेबर रूम रजिस्टर में की गई प्रविष्टियां चेक की। उन्होंने अस्पताल में पोस्ट नेटल वार्ड में पहुंचकर प्रसूताओं से स्तनपान की जानकारी।

# एक शाम भगवान महावीर के नाम भजन संध्या में गुरू की भक्ती में थिरके कदम

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** बुधवार शाम श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्रीसंघ द्वारा मुमुक्ष बहनो सपना राठौर और शीतल राठौर की जैन भगवती की दिक्षा पर्व को लेकर आयोजित गुरूदेव की भक्ति तथा एक शाम महावीर के नाम आयोजित की गई।

इस भजन संध्या में संगीतकार देवेन्द्र पंवार द्वारा भगवान महावीर एवं गुरुदेव के भजनो से देर रात्री तक समा बांधे रखा। ओम नमो अरिहंताणं गुरू मंत्र के साथ ही विरती धरनो वेश प्यारो लागे रे,तु कितनी अच्छी है तु कितनी प्यारी है ओ मां, रोती हुई आंखों को मेरे बाबा हंसाता है आदि कई भक्ति गीतों से समा बांध दिया। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्रीसंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, अभय रांका, राजेंद्र चण्डालिया,ललित चण्डालिया के द्वारा मुमुक्ष बहनो व परिवार का बहुमान किया गया। भक्ति संगीत का कार्यक्रम देर रात तक चला। भक्ति संध्या का संचालन सौरभ रांका ने किया।

**प्रवेश उत्सव** | समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर एक से बढ़कर एक आयोजन

# श्री राधाबावड़ी हनुमान मंदिर में ऐतिहासिक हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां पूर्ण

**सीतामऊ। छोटी काशी सीतामऊ की पुण्य धरा पर हनुमान जन्मोत्सव की धूम इस बार कुछ हटकर ही होने वाली है। मन्दसौर रोड पर कोर्ट परिसर के आगे विराजित श्री राधाबावड़ी हनुमान मंदिर की समिति ने इस बार हनुमान जन्मोत्सव को ऐतिहासिक रूप देने की सम्पूर्ण तैयारिया पूर्ण कर ली है।** मन्दिर की आकर्षक साज सज्जा, रँग रोगन पूर्ण हो चुका है और फाइनल रूप सभी तैयारियो को देकर अब दिनांक 11 अप्रेल को प्रात: 09 बजे श्री जबरिया हनुमान मंदिर बस स्टेण्ड से शोभायात्रा निकालने की तैयारी प्रारम्भ कर दी है। जिसमे ढोल, बेंड, कलश यात्रा व शाही रथ के साथ राधाबावड़ी हनुमान जी को चढ़ाया जाने वाला रजत चोला रहेगा। अनेको स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत नगर वासियों व विभिन्न संघठनो द्वारा किया जाएगा साथ ही 01 किलोमीटर दूरी शोभायात्रा तय करते हुए राधाबावड़ी हनुमान मंदिर पहुँचेगी उक्त शोभायात्रा इस बार समरसता के अदबुत रंग को भी प्रस्तुत करेगी। इसी के साथ दिनांक 12 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे दिन मन्दिर पर भव्य आयोजन होंगे व शाम 05 बजे से भव्य महाआरती की तैयारियां प्रारम्भ होगी। जिसके बाद 500 किलोग्राम दूध से बना 111 किलो ग्राम मिल्क केक प्रसादी के रूप में वितरण होगा व श्री सांवलीया सेठ मन्दिर पर जलजुलनी एकादशी की रात्री में होने वाली आतिशबाजी जैसी सतरंगी ऐतिहासिक अतिशबाजी शाम 06 से होगी जो लगातार ढाई से तीन घण्टे चलेगी। सीतामउ नगर में इससे पूर्व ऐसा आयोजन कभी नही हुआ है। इसी के साथ मन्दिर में दर्शनार्थ आने वाले बन्धुओ/बहनो के छोटे बच्चो को समिति उपहार भेट करेगी।




इस बार मन्दिर का गर्भगृह देखकर मनमोहने वाला होगा, अनेको सेल्फी पॉइंट लगेंगे और अगले दिन दिनांक 13 अप्रेल को प्रात: 09 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। जिसमें सीतामऊ पूरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलो के हजारो लोग शामिल होंगे। इस बार श्री राधाबावड़ी हनुमान मंदिर समिति के तीन दिवसीय आयोजन से सीतामऊ नगर में हनुमान जन्मोत्सव की जबरजस्त धूम रहेगी। अत: सभी जन इन आयोजनों को देखने अवश्य पधारे विशेषकर आतिशबाजी देखने से न चुके।